# स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमशीलता कार्यक्रम

## प्रलिम्सि के लयि:

स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमशीलता कार्यक्रम, मुद्रा।

## मेन्स के लयि:

ग्रामीण वकिास, स्वयं सहायता समूहों, सरकारी नीतयिों और हस्तक्षेपों में एसवीईपी का महत्त्व।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में कौशल वकिास और उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन स्वायत्तशासी संगठन राष्ट्रीय उद्यमति एवं लघु व्यवसाय वकिास संस्थान (National Institute of Entrepreneurship and Small Business Development- NIESBUD) द्वारा स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमशीलता कार्यक्रम (Start-up Village Entrepreneurship Programme- SVEP) पहल के ज़रयि ज़मीनी स्तर पर उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने हेतु एक सतत् स्वरूप वकिसति करने के उद्देश्य से ग्रामीण वकिास मंत्रालय के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर कयि गए हैं।

## प्रमुख बदिु

## साझेदारी का महत्त्व:

- इस साझेदारी के तहत ग्रामीण उद्यमयिों को अपने कारोबार शुरू करने के संबंध में वत्तिीय समर्थन प्राप्त करने के लयि बैंकगि प्रणाली तक पहुँच प्राप्त हो सकेगी। इसमें मुद्रा बैंक का समर्थन भी शामलि है।
- एकीकृत आईसीटी तकनीकों और उपकरणों से क्षमता नरि्माण एवं प्रशक्षिण मलिेगा। इसके तहत देश के गाँवों में उद्यमशीलता इको-ससि्टम को बढ़ाने हेतु उपक्रम सलाहकार सेवाएँ भी प्रदान की जाएंगी।
- परयिोजना के लाभार्थयिों में दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीवकिा मशिन (DAY-NRLM) से संबंधति स्वसहायता समूह शामलि हैं। योजना न सरि्फ मौजूदा उद्यमों बल्कि नए उद्यमों की भी सहायता करती है।
- यह साझेदारी ग्रामीण समुदाय को उनके व्यापार को स्थापति करने में मदद करेगी और उनके स्थरि होने तक पूरण सहायता प्रदान करेगी।
- इस सटीक अंतःक्षेप से जन सामान्य को जानकारी, सलाह और वत्तिीय समर्थन मलिेगा तथा गाँवों में समुदाय स्तर पर संगठति लोगों का दल बनाने में मदद मलिेगी।

## SVEP से संबंधति प्रमुख बदिु:

- **SVEP के बारे में:**
  - SVEP, ग्रामीण वकिास मंत्रालय के तहत वर्ष 2016 से संचालति दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीवकिा मशिन (Deendayal Antyodaya Yojana-National Rural Livelihood Mission- DAY-NRLM) का उप-घटक है।
- **उद्देश्य:**
  - गरीबी से बाहर आने के लयि ग्रामीण गरीबों का समर्थन करना।
  - व्यवसाय प्रबंधन और सॉफ्ट स्कलि्स में वत्तिीय सहायता एवं प्रशक्षिण के साथ स्वरोज़गार के अवसर प्रदान करना।
  - उद्यमों को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय सामुदायकि संवर्ग नरि्मति करना।
- **वशिेषताएँ:**
  - यह ग्रामीण स्टार्ट-अप के तीन प्रमुख स्तंभों अर्थात् वत्ति, इन्क्यूबेशन और कौशल पारस्थितिकिी तंत्र को संबोधति करता है।
  - यह मुख्य रूप से वनिरि्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्रों में व्यक्तगित एवं समूह दोनों प्रकार के उद्यमों को बढ़ावा देता है।
  - यह स्थानीय मांग और पारस्थितिकिी तंत्र के आधार पर व्यवसायों को लाभप्रद रूप में चलाने के लयि उद्यमयिों की क्षमता के नरि्माण पर नविेश करता है।
  - व्यापार योजना और लाभ व हानखिाते की तैयारी जैसे तकनीकी पहलुओं के प्रसार में होने वाले नुकसानको कम करने हेतु मानक ई-लर्नगि

मॉड्यूल बनाने के लिये सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (Information and Communication Technology- ICT) के उपयोग पर भी निवेश किया जाता है।

- **गतिविधियाँ:** SVEP के तहत गतिविधियाँ कुछ प्रमुख क्षेत्रों के साथ ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने के लिये रणनीतिक रूप से तैयार की गई हैं।
    - प्रमुख क्षेत्रों में से **सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों-उद्यम संवर्द्धन (Community Resource Persons-Enterprise Promotion**) को विकसित करना है जो स्थानीय और ग्रामीण उद्यमों की स्थापना करने वाले उद्यमियों का समर्थन करते हैं।
    - एक अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्र SVEP ब्लॉकों में **ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (Block Resource Center)** को बढ़ावा देना, सामुदायिक संसाधनों का उपयोग करने वाले व्यक्तियों की निगरानी और प्रबंधन, SVEP ऋण आवेदनों का मूल्यांकन करना तथा संबंधित ब्लॉक में उद्यम से संबंधित जानकारी के भंडार के रूप में कार्य करना है।
        - BRCs प्रभावी और स्वतंत्र रूप से संचालन के लिये एक स्थायी राजस्व मॉडल का समर्थन करने में भूमिका निभाते हैं।
    - **SVEP** ने स्थानीय बाजार/ग्रामीण हाट की स्थापना की जिसने उद्यमियों को मांग आधारित उत्पादन, अपने उद्यम का विज्ञापन करने और आय के अवसरों को बढ़ाने के लिये प्रेरित किया है।
        - एक विशिष्ट ग्रामीण हाट ज़्यादातर स्वदेशी, लचीली और बहुस्तरीय संरचना होती है जो विभिन्न प्रकृति की आर्थिक गतिविधियों को समायोजित करती है।
        - स्थानीय बाज़ार/हाट/मार्केट एक महत्त्वपूर्ण आर्थिक मंच के रूप में कार्य करता है जहाँ उत्पादों की एक शृंखला का कारोबार होता है।
- **उपलब्धियाँ:**
    - **भारतीय गुणवत्ता परिषद (Quality Council of India**) द्वारा सितंबर 2019 में आयोजित **SVEP** की मध्यावधि समीक्षा में ब्लॉकों के लगभग 82 प्रतिशत उद्यमियों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से होने की सूचना दी गई है, जो एनआरएलएम के स्तंभों में से एक सामाजिक समावेश को दर्शाता है।
    - 75% उद्यमों का स्वामित्व और प्रबंधन महिलाओं के पास था तथा उद्यमी का मासिक औसत राजस्व 39,000 रुपए था व विनिर्माण के मामले में यह 47,800 रुपए, सेवाओं के मामले में 41,700 रुपए और व्यापार के मामले में 36,000 रुपए था।
    - अध्ययन से यह भी पता चलता है कि उद्यमियों की कुल घरेलू आय का लगभग 57% हिस्सा SVEP उद्यमों के माध्यम से प्राप्त होता है।

## विगत वर्षों के प्रश्न

**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण गरीबों की आजीविका के विकल्पों में कैसे सुधार करता है ? (2012)**

1. ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग और कृषि व्यवसाय केंद्र तथा बड़ी संख्या में नए विनिर्माण स्थापित करके।
2. 'स्वयं सहायता समूहों' को मज़बूती तथा कौशल विकास प्रदान करके।
3. बीज, उर्वरक, डीज़ल पंप-सेट की आपूर्ति करके और किसानों को सूक्ष्म सिंचाई उपकरण निःशुल्क प्रदान करके।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1और 2
(b) केवल 2
(c) 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/start-up-village-entrepreneurship-programme